C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 5:49 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 7:01 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 200 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 31 जनवरी 2026

कॉकटेल 2 के निर्देशक ने...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### पोकरण से आईएसआई एजेंट गिरफ्तार, गोपनीय जानकारी लीक करने का आरोप

**राजस्थान।** राजस्थान इंटेलिजेंस ने राज्य की सुरक्षा से जुड़े एक गंभीर मामले का खुलासा करते हुए जैसलमेर जिले के पोकरण क्षेत्र से एक आईएसआई एजेंट को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान झबराराम पुत्र भानाराम (28 वर्ष), निवासी गांव नेडान, पुलिस थाना सांकड़ा, तहसील पोकरण, जिला जैसलमेर के रूप में हुई है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (इंटेलिजेंस) राजस्थान, प्रफुल्ल कुमार ने बताया कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों द्वारा राज्य में संचालित की जा रही जासूसी गतिविधियों पर राजस्थान इंटेलिजेंस लगातार कड़ी निगरानी रखे हुए है। इसी निगरानी के दौरान झबराराम की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। जांच में सामने आया कि वह सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से लगातार पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के संपर्क में था।

### चांदी एक दिन में ही सवा लाख रुपये टूटी, सोना भी हुआ धड़ाम

**मुंबई।** मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज और सर्राफा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों बड़ी गिरावट दिखी है। बाजार के जानकारों द्वारा जताया गया बुलबुला फूटने का अनुमान सच साबित हुआ है। शुक्रवार का दिन कीमती धातुओं के लिए ऐतिहासिक गिरावट का दिन रहा। जहां चांदी की कीमतों में एक ही दिन में ही 1 लाख रुपये से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई, वहीं सोना भी एक झटके में 33,000 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता हो गया।

**एक दिन में गिरावट:** 5 मार्च की एक्सपायरी वाली चांदी का वायदा भाव गुरुवार को 3,99,893 रुपये पर बंद हुआ था, जो शुक्रवार को क्रैश होकर 2,91,922 रुपये प्रति किलो पर आ गया। यानी एक ही दिन में चांदी 1,07,971 रुपये सस्ती हो गई। 31 जनवरी 2026 का यह क्रैश यह साबित करता है कि बाजार में अत्यधिक तेजी के बाद करेक्शन कितना घातक हो सकता है।

## बड़ी जात और राजजात पर एक राय बनाने की कोशिश, सीएम से मिले

**देहरादून** — हमारे संवाददाता

बड़ी जात आयोजन समिति के अध्यक्ष कर्नल हरेंद्र सिंह रावत (सेनि) और महामंत्री अशोक गौड़ ने मुख्यमंत्री से कहा कि नंदा देवी बड़ी जात 2026 में ही आयोजित करने की इच्छा मां नंदा ने जताई है।

मां नंदा की बड़ी जात और नंदा देवी राजजात पर एक राय बनाने के लिए कोशिश की जा रही है। बीते दिन बड़ी जात के संबंध में आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंटकर उन्हें ज्ञापन सौंपा था। उन्होंने मां नंदा की डोलियों व छंतोलियों के यात्रा पड़ावों के रख-रखाव व सुविधाएं विकसित करने के लिए संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित करने की मांग की थी। इस पर सीएम ने गढ़वाल कमिश्नर को बड़ी जात आयोजन समिति और नंदा राजजात समिति दोनों के साथ बैठक कर एक राय बनाने को कहा।



बड़ी जात आयोजन समिति के अध्यक्ष कर्नल हरेंद्र सिंह रावत (सेनि) और महामंत्री अशोक गौड़ ने मुख्यमंत्री से कहा कि नंदा देवी बड़ी जात 2026 में ही आयोजित करने की इच्छा मां नंदा ने जताई है। समस्त क्षेत्र की जनभावनाओं के अनुरूप ही मां नंदा की बड़ी जात का आयोजन किया जा रहा है।

इस पर मुख्यमंत्री ने गढ़वाल कमिश्नर को नंदा जात को लेकर समितियों के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर मामले का हल निकालने के निर्देश दिए। गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडे ने कहा कि जल्द ही नंदा समितियों (नंदा बड़ी जात और नंदा राजजात समिति) के पदाधिकारियों के बीच बैठक की जाएगी जिसमें नंदा की जात के आयोजन पर एकराय बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि नंदा राजजात भव्य और दिव्य बने इसके लिए सभी की सहभागिता जरूरी है। जल्द इस संबंध में दोनों समितियों के साथ बैठक की जाएगी। इस मौके पर कुमाऊं राज परिवार के युवराज नरेंद्र चंद्र राज सिंह, बीकेटीसी के पूर्व अध्यक्ष व उच्च न्यायालय के अधिवक्ता विनोद नौटियाल, मां नंदा देवी राजजात समिति अल्मोड़ा के अध्यक्ष मनोज वर्मा, राज परिवार के धीरेंद्र सिंह, पार्षद अमित साह, पार्षद अर्जुन बिष्ट, राज परिवार के विक्रम सिंह साह, नंदा देवी समिति के सदस्य आशीष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

**आगरा में हादसा: घायलों को भेजा गया इमरजेंसी**

## कंटेनर ने दो ऑटो को मारी टक्कर, पांच लोगों की मौत

**नई दिल्ली/आगरा** — एजेंसी

आगरा के थाना खंदौली क्षेत्र में कंटेनर ने दो ऑटो को रौंद दिया। हादसे में पांच लोगों की मौत होने की सूचना है। मौके पर पुलिस पहुंच गई है।

आगरा के थाना खंदौली क्षेत्र में शनिवार को दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार कंटेनर ने दो ऑटो को रौंद दिया। हादसे में पांच लोगों के मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल बताए गए हैं। ये सभी जगन्नाथ यात्रा पर गए थे। ये सभी वापस ऑटो से आ रहे थे। ये लोग सहपऊ के रहने वाले हैं। आगरा कैंट स्टेशन पर उतरने के बाद ऑटो से ये सभी लोग घर जा रहे थे। रास्ते में ये हादसा हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों ऑटो एक ही दिशा में जा रहे थे। तभी पीछे से आए तेज रफ्तार कंटेनर ने पहले एक ऑटो को टक्कर मारी और फिर दूसरे ऑटो को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही थाना खंदौली पुलिस मौके पर पहुंच गई।



पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल भिजवाया। हादसे के बाद आरोपी चालक को लोगों ने दबोच लिया। उसके साथ मारपीट की गई। थाना सहपयू के गांव भादउ निवासी सात लोग जगन्नाथ पुरी यात्रा के लिए 20 जनवरी को रवाना हुए थे। वहां दर्शन करने के बाद वे सभी शनिवार को जबलपुर से आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर उतरे। यहां से इन्होंने अपने गांव के लिए ऑटो बुक कराया था, जिसमें बिजो, लख्मीचंद, रणवीर सिंह, बिल्ला मिस्त्री, धनप्रसाद, विजय सिंह, उदय सिंह सवार थे। शहीद खान ऑटो चालक बताया जा रहा है। नगला चंदन जलेसर रोड पर कंटेनर ने इसको टक्कर मार दी, जिसमें मौके पर पांच की मौत हो गई। धन प्रसाद, विजय सिंह ,उदय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। धन प्रसाद को इमरजेंसी और विजय सिंह, उदय सिंह को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां इनकी हालत गंभीर बनी हुई है। रणवीर रिटायर्ड दारोगा बताए गए हैं। एसएन मेडिकल कॉलेज में पांच मृतकों के शव लाए गए।

मृतकों के नाम बीजो, लख्मीचंद ,रणवीर सिंह, बिल्ला मिस्त्री, शाहिद बताए गए हैं। धनपाल इमरजेंसी में घायल अवस्था में लाए गए। वहीं हादसे में घायल विजय सिंह और उदय सिंह यमुना पार के अम्बे अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं।

## अंकिता भंडारी हत्याकांड न्याय यात्रा के लिए आठ फरवरी को होगी महापंचायत

**देहरादून** — हमारे संवाददाता

पूर्व सीएम हरीश रावत की पहल पर अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए आठ फरवरी को प्रस्तावित महापंचायत पर इंडिया गठबंधन दलों के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

अंकिता भंडारी हत्याकांड न्याय यात्रा के लिए आठ फरवरी को महापंचायत होगी। शुक्रवार को पूर्व सीएम हरीश रावत के आवास पर इंडिया गठबंधन दलों व संगठनों के साथ बैठक में रणनीति पर चर्चा की गई।

पूर्व सीएम हरीश रावत की पहल पर अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए आठ फरवरी को प्रस्तावित महापंचायत पर इंडिया गठबंधन दलों के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया हत्याकांड में वीआईपी के खिलाफ कार्रवाई न होने तक संघर्ष जारी रहेगा। इंडिया गठबंधन दलों ने आरोप लगाया कि भाजपा वीआईपी को बचाने की कोशिश कर रही है।

पूर्व सीएम हरीश रावत की पहल पर अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए आठ फरवरी को प्रस्तावित महापंचायत पर इंडिया गठबंधन दलों के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में तय किया गया हत्याकांड में वीआईपी के खिलाफ कार्रवाई न होने तक संघर्ष जारी रहेगा। इंडिया गठबंधन दलों ने आरोप लगाया कि भाजपा वीआईपी को बचाने की कोशिश कर रही है।



## पहाड़ों में बर्फबारी के आसार मैदानों में शुष्क रहेगा मौसम

**देहरादून** — हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में शनिवार को हल्की बारिश के साथ बर्फबारी होने की संभावना है। जबकि मैदानी इलाकों में मौसम शुष्क रहेगा।

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में हल्की बारिश व बर्फबारी की संभावना है। खासकर प्रदेश के 3000 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी के ज्यादा आसार हैं। आने वाले दिनों की बात करें तो चार फरवरी तक प्रदेशभर के ऊंचाई वाले इलाकों में मौसम का मिजाज कुछ ऐसा ही रहेगा। हालांकि पांच फरवरी से मौसम शुष्क होगा और ठंड से राहत मिलेगी। उधर, शुक्रवार को मैदान से लेकर पहाड़ तक तेज धूप खिली तो तापमान में इजाफा देखने को मिला। देहरादून का अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री अधिक 24.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। दिन की चटक धूप का असर रात के पारे पर भी पड़ा और यहां का न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री बढ़ोतरी के साथ 9.2 डिग्री दर्ज किया गया। ऐसा ही हाल प्रदेश के अन्य इलाकों में भी रहा।

## डोलगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़

**जम्मू-कश्मीर** — एजेंसी

सुरक्षा बलों ने शनिवार सुबह जम्मू और कश्मीर के किश्तवाड़ के डोलगाम इलाके में छिपे आतंकवादियों से फिर से संपर्क स्थापित किया। इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और ऑपरेशन जारी है।

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में एक बार फिर से सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच गोलीबारी हुई है। किश्तवाड़ के डोलगाम इलाके में छिपे आतंकवादियों से फिर से संपर्क स्थापित हुआ है। इसके बाद मुठभेड़ जारी है।

दरअसल, 31 जनवरी 2026 की सुबह डोलगाम के इलाके में व्हाइट नाइट कॉर्प्स, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने आतंकवादियों से फिर से संपर्क साधा।



व्हाइट नाइट कॉर्प्स के अनुसार, जॉइंट ऑपरेशन त्राशी-I में घेराबंदी कर दी गई है और ऑपरेशन जारी है। व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर कहा कि चल रहे जॉइंट ऑपरेशन त्राशी-I के दौरान 31 जनवरी की सुबह डोलगाम के सामान्य इलाके में व्हाइट नाइट कोर, जम्मू और कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ के जवानों ने आतंकवादियों से फिर से संपर्क स्थापित किया। उन्होंने बताया कि घेराबंदी कर दी गई है और ऑपरेशन जारी है। पिछले पखवाड़े में यह चौथी बार है जब इलाके में आतंकवादियों से संपर्क स्थापित किया गया है। उत्तरी सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने किश्तवाड़ का दौरा किया ताकि आतंकवाद विरोधी ग्रिड की समीक्षा की जा सके, क्योंकि जिले में छिपे जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादियों के समूह को खत्म करने के लिए चल रहा आतंकवाद विरोधी अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि चल रहे ऑपरेशन के दौरान राष्ट्र-विरोधी तत्वों द्वारा दुरुपयोग को रोकने के लिए सिंहपोरा, चिंगम और चतरू को कवर करने वाले छह किलोमीटर के दायरे में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।

**घेराबंदी**

- एक हफ्ते से छिपे हैं जैश के आतंकी

# सबसे उत्तम आसन है 'आश्वासन' और सबसे अच्छा योग है 'सहयोग' :डॉ. सर्वेश्वर

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा आयोजित कथा के दूसरे दिवस दिव्य गुरु आशुतोष महाराज के शिष्य डॉ. सर्वेश्वर जी ने समुद्र मंथन प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि जब समुद्र मंथन से हलाहल कालकूट विष निकला तो जगत के कल्याण के लिए भगवान शिव ने उसे अपने कण्ठ में धारण कर लिया।

जिसके कारण उनका एक नाम नीलकण्ठ भी पड़ गया। स्वामी जी ने कथा का मर्म समझाते हुए बताया कि शिव का नीलकण्ठ स्वरूप हमें त्याग व सहनशीलता का गुण अपने जीवन में धारण करने की प्रेरणा देता है। शिव भक्त होने के नाते हमारा भी ये कर्तव्य है कि हम भी विषपान करना सीखें। अर्थात् निजी स्वार्थों से ऊपर उठकर जगत के कल्याण में अपना योगदान दें। 'मैं' से 'हम'



तक का सफर तय करें। लेकिन अ?सोस, आज मानव तो अपने स्वार्थ के लिए दूसरों की पीठ में छुरा घोंपते हुए भी संकोच नहीं करता। इन्सान तो क्या, हमने तो बेजुबान पशु-पक्षियों को भी नहीं छोड़ा। जीभ के क्षणिक स्वाद के लिए आज रोजाना हजारों जीव काट दिए जाते हैं। आज दुनिया भर में लाखों बूचड़खाने खुल गए हैं, जिनमें नित नई आधुनिक मशीनों द्वारा कुछ मिनटों में ही लाखों जानवरों को मौत के घाट उतार दिया जाता है, वह भी बड़ी बेरहमी से। यूँ तो हम महादेव के भक्त हैं परंतु शायद हम ये भूल जाते हैं कि महादेव का एक नाम पशुपतिनाथ भी है। अर्थात् जो पशुओं के स्वामी हैं। स्वयं ही सोचिये पशुओं की हत्या कर क्या हम अपने पशुपतिनाथ को प्रसन्न कर पाएंगे? प्रभु का सच्चा भक्त ऐसा नहीं होता। वह तो परपीड़ा को समझ अपने क्षुद्र स्वार्थों का परित्याग कर देता है। उसके लिए तो सबसे श्रेष्ठ आसन है 'आश्वासन' जो वो दीन दुःखियों को देता है; सबसे उत्तम योग है 'सहयोग' जो वो यथाशक्ति प्राणीमात्र का करता है और सबसे लम्बी श्वास है 'विश्वास' जो वह रोती अखियों को प्रदान करता है। इसलिए आवश्यकता है अपने भीतर दया, प्रेम, त्याग व करुणा जैसे गुणों को विकसित करने की। और ये तब ही सम्भव है जब ब्रह्मज्ञान के माध्यम से हम नीलकण्ठ का दर्शन अपने घट में प्राप्त करेंगे।

इस अवसर पर कथा पंडाल में महाशिवरात्रि महोत्सव भी धूमधाम से मनाया गया, जिसमें भक्तों ने नृत्य कर खूब आनंद लूटा।



## नैनीताल में चटक धूप खिली रही पूरे दिन, नौकायन का उठाया लुत्फ

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में शुक्रवार को मौसम का मिजाज बेहद सुहावना बना रहा। चटक धूप पूरे दिन खिली रही। अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। सुहावने मौसम के बीच नैनीताल भ्रमण पर पहुंचे पर्यटकों ने नैनी झील में नौकायन का जमकर आनंद लिया।

नगर की सुबह सुनहरी धूप के साथ शुरू हुई और जैसे जैसे दिन चढ़ता गया तो गर्माहट भी बढ़ती चली गई और मौसम खुशनुमा हो गया। दिन के समय ठंड महसूस नहीं हुई हालांकि हल्के बादलों का आना जाना भी लगा रहा मगर इसका तापमान में कोई असर नहीं पड़ा। शाम होने के बाद पाला गिरना शुरू हो गया और ठंड में बढ़ोतरी हो गई।

मौसम विभाग के अनुसार रविवार यानी 1 फरवरी से मौसम में बदलाव आएगा जिसका प्रभाव मंगलवार यानी 3 फरवरी तक बने रहने की संभावना है। इस बीच हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है जबकि ऊंची चोटियों में हिमपात भी हो सकता है। इधर जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 18 व न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## उपनल के माध्यम से वर्षों से सेवारत फार्मेसिस्टों को हाईकोर्ट से मिली राहत

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राज्य की डिस्पेंसरियों में उपनल के माध्यम से वर्षों से सेवारत फ र्मेसिस्टों के स्थान पर नई भर्ती प्रक्रिया शुरू किए जाने के खिलाफ दायर याचिकाओं की सुनवाई के बाद याचिका के अंतिम निस्तारण से पूर्व याचिकाकर्ताओं को पद पर बनाये रखने के निर्देश दिए हैं साथ ही राज्य सरकार, चिकित्सा सेवा भर्ती बोर्ड, उपनल व अन्य को नोटिस जारी कर जबाव दाखिल करने को कहा है।

न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की अवकाशकालीन एकल पीठ ने उपनल के माध्यम से सेवारत दीपक कुमार व 9 अन्य की याचिकाओं की सुनवाई करते हुए निर्देश दिया है कि उन्हें वर्तमान पद पर कार्य करते रहने दिया जाय साथ ही संबंधित विभाग को इन सभी याचिकाकर्ताओं के लिए पद सुरक्षित रखने के भी निर्देश दिए हैं। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने अपनी सेवा और पद की सुरक्षा को लेकर अदालत से गुहार लगाई थी



जिस पर गौर करते हुए कोर्ट ने यह अंतरिम व्यवस्था दी है।अदालत ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने के लिए समय दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ताओं के हितों की रक्षा के लिए अंतरिम उपाय के रूप में उन्हें उनके पदों से नहीं हटाया जाएगा। अब इस मामले की अगली सुनवाई 13 फ रवरी (शुक्रवार) को तय की गई है। कोर्ट ने निर्देश दिया है कि इस याचिका को इसी तरह के एक अन्य याचिका संख्या 121/2026 के साथ सूचीबद्ध किया जाए ताकि दोनों पर एक साथ विचार किया जा सके।

## NEWS / फटाफट

### कटखने बंदरों के आतंक से बेतालघाट के ग्रामीण परेशान



**नैनीताल** । बेतालघाट विकास खंड के मझाकोट, तल्लाकोट तथा धनियाकोट के साथ ही अन्य क्षेत्रों में कटखने बंदरों के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं। बेतालघाट निवासी कृपाल सिंह मेहरा ने इस संबंध में कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत को ज्ञापन सौंप बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है, साथ ही उन्होंने कहा कई बार सीएम पोर्टल में शिकायत की जा चुकी है लेकिन वर्तमान पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसके अलावा उन्होंने क्षेत्रों में सोलर लाइट लगाने तथा मनरेगा के तहत मजदूरों को कार्य दिलाने की मांग की है। कहा है कि क्षेत्र के विद्यालयों में अध्यापक समय पर नहीं आ रहे जिसका खामियाजा विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। उन्होंने ऐसे अध्यापकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### डीएसबी परिसर में समान नागरिक संहिता के बारे में बताया

**नैनीताल** । उत्तराखंड राज्य में समान नागरिक संहिता लागू किए जाने के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर कुविवि के डीएसबी परिसर में समान नागरिक संहिता विषय पर व्याखयानमाला का आयोजन किया। इस मौके पर मुखय वक्ता डॉ. सुरेश चंद्र पांडे ने सिविल व क्रिमिनल लॉ में अंतर बताया। कहा समान नागरिक संहिता एक ऐसा कानून है जो देश के सभी नागरिकों पर समान रूप से लागू होता है, चाहे वह किसी जाति या धर्म का नागरिक हो। परिसर निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने कहा समान नागरिक संहिता का हमारे संविधान में अनुच्छेद 44 में वर्णन है। इस मौके पर डॉ. पंकज सिंह, डॉ. हृदेश, डॉ. रुचि, डॉ. भूमिका तथा डॉ. मोहित आदि मौजूद रहे।

### बर्फबारी के बाद नैनीताल में कारोबारियों को मिली राहत

**नैनीताल** । नैनीताल के ऊंचाई वाले और आसपास के क्षेत्रों में बीते 23 जनवरी हुई पहली बर्फ बारी ने क्षेत्र के लोगों के लिए रोजगार के द्वार खुल गए हैं। बर्फबारी के बाद क्षेत्र में पर्यटकों की आवक से होटल कारोबारियों समेत टैक्सी चालकों व नाव चालकों समेत अन्य पर्यटन कारोबारियों को काफी राहत मिली है। होटल एसोशिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि बीते वीकेंड बर्फबारी और 26 जनवरी की छुट्टी के चलते अच्छा कारोबार हुआ है। भारी संखया में पर्यटक नैनीताल पहुंचे हैं। अगर इस बीच बर्फबारी होती है तो पर्यटकों की आमद बढ़ेगी, जिससे पर्यटन से जुड़े हर कारोबारी को रोजगार मिलेगा।नाव चालक समिति के अध्यक्ष राम सिंह ने बताया कि शुक्रवार को बर्फबारी के बाद पर्यटकों की संखया बढ़ी है। जिससे रोजाना नाव चालकों व अन्य लोगों को रोजगार मिल रहा है।

### मोटरसाइकिल चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**काठगोदाम**। चोरों ने एक बार फिर से एक महिला का वाहन चोरी करते हुए पुलिस को चुनौती दी है पुलिस ने महिला की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।किशनपुर, गौलापार निवासी मीना देवी की मोटरसाइकिल चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता मीना देवी की मोटरसाइकिल उनके नाम पर पंजीकृत है। 22 जनवरी को उनका भतीजा सावन उक्त मोटरसाइकिल से काम पर गया था और उसे नारीमन चौराहा के पास अपने कमरे के सामने खड़ा किया था। 23 जनवरी की रात्रि लगभग 1 बजे तक मोटरसाइकिल वहीं खड़ी थी, लेकिन सुबह लगभग 8 बजे देखने पर वह मौके से गायब मिली। काफी खोजबीन करने के बाद भी मोटरसाइकिल का कोई पता नहीं चल पाया। इस संबंध में पीड़िता द्वारा थाना काठगोदाम, में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर सौंप कर चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। थानाध्यक्ष विमल कुमार मिश्रा का कहना है कि मोटरसाइकिल चोर जल्द पुलिस की गिरफ्तार में होंगे।

### गदरपुर रोड पर अज्ञात वाहन ने राहगीर को रौंदा,मौत

**रुद्रपुर**। कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने एक राहगीर को रौंद दिया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पहुंची। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। मौके पर एसआई चंदन सिंह और एएसआई नवीन जोशी पहुंचे थे। एसएसआई केसी आर्या ने बताया कि शव सड़क से चिपक गया।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

## उत्तराखंड परिवहन निगम के रिटायर कर्मियों को हाईकोर्ट से मिली राहत

नैनीताल

हमारे संवाददाता

**आदेश**

- रोक लगाते हुए याचिकायें निस्तारित कर दी

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने उत्तराखंड परिवहन निगम के द्वारा निगम से सेवानिवृत कर्मचारियों से उनके सेवानिवृत के बाद निगम द्वारा दिए गए लाभों को निगम के द्वारा उनसे वसूली किए जाने के मामलों पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद अवकाश कालीन न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्यय की पीठ ने सुनवाई के बाद पूर्व के आदेश के आधार पर याचिकाओं को निस्तारित करते हुए निगम को निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ताओं को सेवानिवृत के बाद दिये गए समस्त लाभों को न वसूला जाय।

मामले के अनुसार जगदीश प्रसाद पंत, राम सिंह व सुरेश चंद्र मासीवाल ने उच्च न्यायलय में याचिकाएं दायर कर कहा कि उनके द्वारा उत्तराखण्ड परिवहन निगम में कई वर्षों की संतोषजनक सेवा करने के बाद सेवानिवृत हुए हैं। सेवानिवृत होंने के दौरान उनको सेवानिवृत के लाभ दिए गए परन्तु अब निगम उनको दिए गए लाभों को उनसे रिकवरी कर रहा है जो कि विभागीय नियमावली उच्च न्यायालय व सर्वोच्च न्यायलय के निर्णय के विरुद्ध है।

क्योंकि एक बार दिए गए लाभों को दुबारा कर्मचारियों से नही वसूला जा सकता। निगम के द्वारा वशूली का आदेश सर्वोच्च न्यायलय व उच्च न्ययालय के आदेश के विपरीत है। इसलिए उनकी रिकवरी आदेश पर रोक लगाई जाय। मामले की सुनवाई के बाद कोर्ट ने पूर्व के आदेश के क्रम पर उनकी रिकवरी आदेश पर रोक लगाते हुए याचिकायें निस्तारित कर दी हैं।

## हल्द्वानी में दिनदहाड़े मोबाइल चोरी की दो घटनाएं, पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, लेकिन पुलिस की कार्यप्रणाली अब भी सवालों के घेरे में है। शुक्रवार की शाम व्यस्त बाजार क्षेत्रों में दो अलग-अलग महिलाओं के मोबाइल फोन सरे शाम अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए गए, बावजूद इसके कि दोनों क्षेत्रों में पुलिस चौकी और हर जगह सीसीटीवी कैमरे मौजूद हैं।

पहली घटना सब्जी मंडी क्षेत्र की है, जहां दुर्गा भोसले, निवासी सावित्री कॉलोनी, कालाढूंगी रोड शाम करीब 4 बजे बाजार में खरीदारी कर रही थीं। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनका मोबाइल फोन चोरी कर लिया। पीड़िता ने तत्काल मंगलपड़ाव चौकी में शिकायत दर्ज कराई, दूसरी घटना सदर बाजार की है, जहां दीक्षा देऊपा, निवासी बिठोरिया नंबर-1, ऊंचापुल, , शाम करीब 4:15 बजे खरीदारी कर रही थीं। अज्ञात चोर ने उनकी स्वेटर की जेब से मोबाइल फोन निकाल लिया। पीड़िता ने भी कोतवाली पुलिस में लिखित शिकायत दी

गौर करने वाली बात यह है कि दोनों घटनाएं एक ही दिन, लगभग एक ही समय और भीड़भाड़ वाले बाजार क्षेत्रों में हुई, जहां पुलिस की गश्त और निगरानी का दावा किया जाता है। इसके बावजूद चोर बेखौफ होकर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए।

पीड़िताओं की शिकायतें सीसीटीएनएस सॉफ्टवेयर पर दर्ज होने की पुष्टि पुलिस द्वारा की गई है, लेकिन अब तक किसी भी मामले में न तो चोर की पहचान हो पाई है और न ही मोबाइल बरामद किए गए हैं। इससे आम नागरिकों में भय और असुरक्षा का माहौल बनता जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बाजार क्षेत्रों में नियमित पुलिस गश्त और सीसीटीवी मॉनिटरिंग सही ढंग से की जाती, तो ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता था। सवाल यह भी उठता है कि जब ई एम आई नंबर जैसी तकनीकी जानकारी पुलिस के पास उपलब्ध है, तो फिर कार्रवाई में इतनी देरी क्यों?

इन घटनाओं ने एक बार फिर पुलिस की सतर्कता और कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह होगा कि पुलिस इन मामलों में कितनी गंभीरता दिखाती है या यह घटनाएं भी फाइलों में दबकर रह जाएंगी। कोतवाल विजय मेहता का कहना है कि बाजार क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली जा रही है। कुछ संदिग्ध लोगों को कोतवाली लाकर उनसे गहनता से पूछताछ की जा रही है। विजय मेहता का कहना है कि शाम तक खुलासा होने की संभावना है।

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## कट्टरपंथियों की चुनौती

*विश्व की महाशक्ति होने का दावा करने वाले अमेरिका को गलतफहमी हो गई कि अब आतंकवाद कमजोर पड़ गया है, जबकि अमेरिका और अन्य देशों में एक के बाद एक कई आतंकी हमले हो रहे हैं, इन हमलों के पीछे इस्लामिक कट्टरपंथी हैं। दरअसल अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पिछले कार्यकाल में मुस्लिम कट्टरपंथियों की अमेरिका में ऐंट्री के नियम सख्त किये थे। इस्लामिक देशों से आने वालों के लिए विशेष परमिट अनिवार्य कर दिया था। कट्टरपंथी डोनाल्ड ट्रंप को सुरक्षा व्यवस्था की चुनौती देकर यह जताना चाह रहे हैं कि आतंकी संगठन आईएसआईएस कमजोर नहीं पड़ा है।*

आतंकवादी अलग-अलग नाम से विभिन्न देशों में हिंसा करते हैं। अमेरिका के न्यूयार्क स्थित वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर 11 सितंबर, 2001 को आत्मघाती हमले के बाद अमेरिका ने आतंकवाद को खत्म करने का प्रण लिया था। अमेरिका ने सिर्फ अलकायदा संगठन के सरगना ओसामा बिन लादेन को दुश्मन नम्बर वन करार दिया और अमेरिका की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद कर दी थी, लेकिन पूरी दुनिया से आतंकवाद को खत्म करने की दिशा में प्रयास नहीं किया। ओसामा बिन लादेन अफगानिस्तान से होते हुए पाकिस्तान पहुंच गया। अमेरिका लादेन को अफगानिस्तान में ढूंढता रहा। वर्षों बाद पता चला कि लादेन को पाकिस्तान ने अपनी सेना की छावनी के निकट छिपा रखा है। पाकिस्तान ने दोगली नीति के तहत लादेन को मारने में मदद के नाम पर अमेरिका से हथियार और आर्थिक मदद ली। अमेरिका के खुफिया तंत्र ने लादेन का पता लगाकर सर्जिकल स्ट्राइक की और लादेन का खात्मा कर दिया। इसके बाद अलकायदा संगठन के आतंकी आईएसआईएस के नाम से इराक तथा सीरिया में सक्रिय हो गये। अमेरिका ने आईएसआईएस को खत्म करने के लिए मुहिम छेड़ी, लेकिन अफगानिस्तान में आतंकवादियों से मुकाबला नहीं करके सेना को वापस बुला लिया। विश्व की महाशक्ति होने का दावा करने वाले अमेरिका को गलतफहमी हो गई कि अब आतंकवाद कमजोर पड़ गया है, जबकि अमेरिका और अन्य देशों में एक के बाद एक कई आतंकी हमले हो रहे हैं, इन हमलों के पीछे इस्लामिक कट्टरपंथी हैं। दरअसल अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पिछले कार्यकाल में मुस्लिम कट्टरपंथियों की अमेरिका में ऐंट्री के नियम सख्त किये थे। इस्लामिक देशों से आने वालों के लिए विशेष परमिट अनिवार्य कर दिया था। कट्टरपंथी डोनाल्ड ट्रंप को सुरक्षा व्यवस्था की चुनौती देकर यह जताना चाह रहे हैं कि आतंकी संगठन आईएसआईएस कमजोर नहीं पड़ा है। आईएसआईएस का मकसद इराक, सीरिया और कुछ अन्य देशों को मिलाकर इस्लामिक स्टेट बनाना है। पाकिस्तान और सऊदी अरब के गठबंधन में तुर्किये शामिल होकर इस्लामी देशों का नाटो जैसा संगठन बनाने की तैयारी कर रहा है। दुनिया में कई दर्जन मुस्लिम देश हैं, इसके साथ ही यूरोप और एशिया के देशों में भी मुस्लिमों की आबादी बहुत है। इंग्लैंड, रूस, अमेरिका, भारत में मुस्लिम आबादी है। जहां-जहां मुस्लिम हैं, वहां हिंसा और धर्मांतरण की गतिविधियों में संलग्न रहते हैं। आतंकवाद को खत्म करने के लिए पूरे विश्व के देशों को एकजुट होकर रणनीति तैयार करनी होगी। अमेरिका और रूस जैसे शक्तिशाली देश भी अकेले आतंकवाद को खत्म नहीं कर सकते हैं।

# युवती से अभद्रता के बाद घर पर ईंट व बोतलों से पथराव, एक युवक गंभीर

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कोतवाली पुलिस ने युवती से अभद्रता करने के बाद दबंगों ने घर पर पहुंच कर गाली गलौज करते हुए ईंट पत्थर और शराब की बोतलों से पथराव किया। इससे एक युवक के गंभीर चोटें आई।

इस मामले में पुलिस ने घायल युवक के भाई की तहरीर पर हमला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने तीन हमलावरों को गिरफ्तार किया है। रम्पुरा चौकी क्षेत्र रम्पुरा निवासी प्रताप पुत्र लालता प्रसाद ने पुलिस को बताया कि 17 जनवरी 2026 की घटना है। उसकी बहन किराने का सामान लेने जा रही थी। इसी बीच मोहल्ले के रहने वाला सूरज पुत्र बद्री,अरुन पुत्र बद्री विमला ने बहन के साथ रास्ते में अभद्रता कर रहे थे। बहन अपनी जान बचाकर घर भाग गई। बताया कि दोनों की शिकायत लेकर उसके घर गए तो गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। वह अपने घर आ गया। पीड़ित के मुताबिक 22 जनवरी 2026 रात 9:30 बजे वह लोग घर में बिना बात के ईंट पत्थर और शराब की बोतलों से परथराव किया। दोनों के साथ सूरज, अरुन, विकास, पम्मा, दीपक उर्फ कतली, और बद्री यह लोग भी पथराव कर रहे थे। दो लोग अज्ञात थे। बताया कि जिससे उसके छोटे भाई के सर में खुली चोट आई है। सिर की हड्डी टूट गई है। निजी हॉस्पिटल में भर्ती हैं। उक्त लोगों से जान माल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।



### कार्रवाई

- पुलिस ने तीन हमलावरों को गिरफ्तार किया,कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई

एसएसआई केसी आर्या ने बताया कि पुलिस ने तीन हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि अन्य की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार हमलावरों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

## वन विभाग टीम ने मारा छापा, वाहन को कब्जे में लेने पर हंगामा

केलाखेड़ा। जंगल से लकड़ी तस्करी की सूचना पर जंगलात टीम ने गांव थापकनगला में चेकिंग शुरू कर दी। मौके पर खाली एक महेंद्रा कार खड़ी मिली। तस्करी की आशंका पर वन विभाग ने कार को ले जाने की कोशिश की। इस पर ग्रामीणों ने विरोध कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस को देखते ही ग्रामीण इधर उधर खिसक गए। पुलिस ने कार कब्जे लेकर सीज कर दिया।

शुक्रवार शाम वन विभाग के एसडीओ शशि देव, एसडीओ मनिदर कौर, बरहैनी वन क्षेत्राधिकारी कृष्ण सिंह मेहरा टीम के साथ गांव थापकनगला में पहुंचे। वन विभाग टीम ने चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान कुछ दूरी पर महेंद्रा कार खाली अवस्था में खड़ी मिली। लकड़ी तस्करी की आशंका के चलते कार को वन विभाग टीम ने कब्जे में लेने की कोशिश की। इस पर ग्रामीण भी ? गए। ग्रामीणों ने कार को कब्जे में लेने का विरोध किया। सूचना पर बेरिया दौलत पुलिस चौकी प्रभारी नरेश सिंह मेहरा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस की गाड़ी देखते ही ग्रामीण इधर-उधर भाग गए।

## रीठापोखरा में लगे शिविर का लाभ उठाया 407 लोगों ने

नैनीताल । नैनीताल जिले के विकासखंड रामगढ़ के न्याय पंचायत नथुवाखान के रीठापोखरा मैदान में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन कर क्षेत्रीय जनता को केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से जोड़ा गया। शिविर का 407 लोगों को सीधा लाभ मिला।

बता दें शिविर में विभिन्न प्रकार के कुल 102 प्रमाण पत्र बनाए गए तथा शिविर में कुल 74 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 58 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। विधायक भीमताल राम सिंह कैड़ा व मुखय विकास अधिकारी अरविंद कुमार पांडे की अध्यक्षता में जन जन की सरकार जन जन के द्वार में क्षेत्रीय जनता की समस्याओं को सुनाए अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया।शिविर में बलॉक प्रमुख दीपक कुमार, जिला पंचायत सदस्य निधि जोशी, क्षेत्र पंचायत सदस्य चंपा रैकवाल तथा गीता बिष्ट सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, क्षेत्रीय जनता तथा विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रुद्रपुर में भारतीय रिजर्व बैंक देहरादून की बैठक आयोजित

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

भारतीय रिजर्व बैंक, देहरादून की सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम से संबंधित बैठक टाउनहाल मीटिंग रुद्रपूर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय निदेशक भारतीय रिजर्व बैंक देहरादून अरविंद कुमार ने की। इस दौरान क्षेत्रीय निदेशक अरविंद कुमार ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और जिले में सूक्ष्म, लघु एवं माध्यम ऊधमों के विकास की व्यापक संभावनाएं बताई। उन्होंने सूक्ष्म उद्यमों की महत्ता बताते हुए सभी से इस मंच का लाभ उठाने की अपील की । उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक दवारा उठाए गए कदम और किए गए नए प्रयासों की जानकारी भी उद्यमियों को दी। बैठक में प्रतिभागियों के प्रश्नों के उत्तर दिये गए तथा विभिन्न प्रकार की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया गया।बैठक में नैनीताल बैंक के सीएमडी सुशील कुमार लाल. भारतीय रिजर्व बैंक के सहायक महाप्रबन्धक परमदीप सिंह और स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया,पंजाब नेशनल बैंक के उपमहाप्रबन्धक व ऊधमसिंह नगर के जिला अग्रणी प्रबंधक चिराग पटेल, महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार सहित जेम पोर्टल के प्रतिनिधि मौजूद थे।



## मनरेगा का नाम बदलने पर बरसे कांग्रेसी, ब्लॉक मुख्यालयों में धरना

अल्मोड़ा। मनरेगा का नाम बदलने पर कांग्रेसियों ने शुक्रवार को ब्लॉकों में धरना दिया। हवालबाग में कांग्रेस जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में जबकि ब्लॉक ताकुला में ब्लॉक कमेटी ने धरना दिया। अन्य ब्लॉकों में भी आंदोलन हुए।

हवालबाग ब्लॉक मुख्यालय में हुए धरने के दौरान सभा में कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि मनरेगा गरीब की जीवनरेखा है। भाजपा ने इसे बदल दिया। उन्होंने मांग की है कि मनरेगा को कमजोर करने वाली सभी नीतियों को वापस लिया जाए।

यदि सरकार ने मनरेगा के प्रति अपना रवैया नहीं बदला तो कांग्रेस पार्टी जन आंदोलन को और तेज करेगी। यहां ब्लॉक अध्यक्ष हवालबाग प्रथम आनंद सिंह बिष्ट, द्वितीय शिवराज नयाल, जिला पंचायत सदस्य कुंदन राम, नारायण सिंह, रविंद्र मुस्यूनी, प्रेम सिंह, केशव पांडेय आदि मौजूद रहे।

# फिल्मी दुनिया

## कॉकटेल 2 के निर्देशक ने फिल्म को लेकर दी बड़ी अपडेट



*शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन की अदाकारी वाली अपकमिंग फिल्म कॉकटेल 2 इस साल सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है। दर्शक इस फिल्म की हर अपडेट पाना चाहते हैं। अब तक इस फिल्म की रिलीज डेट का आधिकारिक तौर पर एलान नहीं हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म 2026 के आखिर में रिलीज हो सकती है। फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है।*

*फिल्म कॉकटेल 2 की शूटिंग पूरी होने पर निर्देशक होमी अदजानिया के साथ शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना ने जश्न मनाया है। होमी अदजानिया ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। इसमें निर्देशक के साथ कलाकार जश्न मनाते हुए काफी खुश हैं। तस्वीर शेयर करते हुए होमी अदजानिया ने कैप्शन में लिखा है कॉकटेल 2 की शूटिंग पूरी हो चुकी है। हो सकता है कि मैं पक्षपाती हूं, लेकिन यह वाला थोड़ा खास लगता है। मेरी टीम और कास्ट को बहुत सारा प्यार, जो मुझे और मेरी हरकतों को बर्दाश्त करते हैं। आप लोगों को प्यार। होमी अदजानिया की पोस्ट को कई सेलेब्स ने लाइक किया है। कृति सेनन ने पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा होमस्टर आपको प्यार। जोया अख्तर ने पोस्ट पर दिल और ताली बजाने वाला इमोजी कमेंट किया है। एक यूजर ने निर्देशक से इस फिल्म का टीजर जल्दी रिलीज करने की मांग की है।*

### फिल्म की स्टारकास्ट



*फिल्म कॉकटेल 2 में शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना के अलावा अर्जुन रामपाल, डिंपल कपाड़िया और रोहित शराफ होंगे। यह फिल्म कॉकटेल (2012) का स्पिरिचुअल सीक्वल है।*

# रुद्रपुर में जवाहर नवोदय स्कूल में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

जवाहर नवोदय विद्यालय सभागार में मुख्य विकास अधिकारी देवेश शाशनी जी की अध्यक्षता में विद्यालय प्रबंधन समिति एवं विद्यालय सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन हुई। विद्यालय की शैक्षणिक, खेलकूद एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों से संबंधित उपलब्धियों पर विस्तार से प्रधानाचार्य ने अवगत कराया। विद्यार्थियों के बोर्ड परीक्षाओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन, अनुशासनात्मक वातावरण तथा नवाचार आधारित शिक्षण प्रयासों को समिति द्वारा सराहना की गयी। प्रधानाचार्य ने विद्यालय की भूमि का स्थाई हस्तान्तरण कराने का अनुरोध किया। जिसपर सीडीओ ने प्रशासन स्तर पर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। सीडीओ ने विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में नियमित फॉगिंग कराने के निर्देश नगर आयुक्त को दिये। उन्होंने विद्यालय गेट व बॉउंड्री वॉल के पास सीसी टीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिये ताकि बॉउंड्री के पास कूड़ा डालने वालों को चिन्हित कर कार्यवाही की जा सकें। प्रधानाचार्य ने बताया कि उरेडा विभाग के माध्यम से भोजनालय व छात्रावास में गरम पानी हेतु सोलर गीजर की स्थापना करायी गयी थी जो काफी दिनो से खराब है। सीडीओ ने परियोजना अधिकारी उरेडा को सोलर गीजर का परीक्षण कराकर ठीक कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सीएमओ को समय-समय पर विद्यालय में चिकित्सकों की टीम भेज कर छात्रों के स्वास्थ्य परीक्षण कराने व दवाई देने के भी निर्देश दिये। उन्होंने जेईई/नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष शैक्षणिक सहयोग उपलब्ध कराने, विद्यालय हित में तीन आरओ वाटर प्यूरीफायर प्रदान कराने तथा गैस पाइपलाइन सुविधा हेतु प्रशासनिक सहयोग देने का आश्वासन दिया। सांसद प्रतिनिधि अभिनव चौधरी ने विद्यालय को एक नई रोटी मेकिंग मशीन उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया, जिससे भोजन व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा। बैठक में अधिकारियों एवं शिक्षकों ने विद्यालय के सर्वांगीण विकास, स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण निर्माण तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु समन्वित प्रयासों पर बल दिया।बैठक में सीईओ केएस रावत, प्रधानाचार्य कंचन जोशी, एसीएमओ डॉ एसपी सिंह, परियोजना अधिकारी उरेडा संदीप सैनी, उप प्राचार्य पीके विद्यार्थ, अनुराग शर्मा, संजीव सिंह आदि मौजूद रहे।

# किसानों तक तकनीक पहुंचाने में विस्तार कर्मियों की भूमिका अहम: कुलपति प्रो चौहान

**पंतनगर**

हमारे संवाददाता

समेटी-उत्तराखण्ड व प्रसार शिक्षा संस्थान, नीलोखेड़ी हरियाणा के तत्वाधान में प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में प्रेरणा एवं संचार की भूमिका प्रशिक्षण का आयोजन पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशालय, में 27 से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम समेटी, पंतनगर में विस्तार शिक्षा संस्थान, नीलोखे ?ी हरियाणा के तत्वावधान में, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार प्रायोजित है। प्रशिक्षण के उद्घाटन अवसर पर कुलपति प्रोफेसर (डा.) मनमोहन सिंह चौहान ने प्रतिभागियों से कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा



कृशकोपयोगी अनेक तकनीक विकसित हैं। सभी का यह दायित्व है कि इन तकनीकों को किसानों के द्वार तक ले जायें। उनकी आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। उन्होंने कहा कि आपका सोचने और कार्य करने का तरीका और उन्हें खेतों में किस प्रकार लागू करते हैं, यही आपके कार्यकुशलता की पहचान है। उन्होंने कहा कि कृषि तकनीक तीव्र गति से बदल रही है, इसलिए विस्तार रणनीतियों में भी उसी अनुरूप बदलाव आवश्यक है। हमको पारंपरिक एवं 'प्रदूशित सोच' से ऊपर उठकर किसानों के साथ कार्य करने के तरीके और दृष्टिकोण-दोनों में बदलाव लाना होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य को बने लगभग 25 वर्ष पूरे हो चुके हैं, किंतु आज भी कई क्षेत्रों में पुरानी तकनीकों का प्रयोग हो रहा है। ऐसे में विस्तार कार्मिकों को यह सोचना होगा कि वे किस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं और क्या उनका कार्य वास्तव में किसानों के कल्याण में सहायक सिद्ध हो रहा है। वैज्ञानिक और कृषक समुदाय की दूरी को कम किए बिना तकनीक हस्तांतरण प्रभावी नहीं हो सकता। अब कृषि विस्तार में बहुत बड़े बदलाव की आवश्यकता है। विस्तार कार्य को आजीविका संवर्धन एवं उद्यमिता विकास से जोड़ते हुए किसानों को आत्मनिर्भर बनाना होगा। उन्होंने राज्य के सभी विस्तार कार्मिकों से आह्वान किया कि वे कृषि एवं किसान कल्याण हेतु पूरी निष्ठा एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करें तथा सरकारी योजनाओं, कार्यक्रमों एवं नवीन कृषि तकनीकों के क्रियान्वयन पक्ष पर विशेष ध्यान दें। इस अवसर पर उनके नेतृत्व में सभी प्रशिक्षणार्थियों ने अपने-अपने कार्यक्षेत्र में पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने की शपथ भी ली। कार्यक्रम के दौरान संयुक्त निदेशक, कृषि कुमायूँ मंडल डा. पीके सिंह ने अधिकारियों से अपील की कि वे विभिन्न सरकारी योजनाओं व विभागीय कार्यक्रमों को कृषकों तक पहुँचाने का भरपूर प्रयास करें। निदेशक, प्रसार शिक्षा, डा. जितेंद्र क्वात्रा ने प्रतिभागियों को विश्वविद्यालय की प्रमुख उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण समन्वयक, डा. बीडी सिंह, प्राध्यापक ने समेटी-उत्तराखंड की प्रमुख उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पाठ्यक्र म निदेशक डा. एसआर वर्मा ने प्रशिक्षण की विस्तृत रूप-रेखा प्रस्तुत करते हुए प्रसार शिक्षा संस्थान, नीलोखेड़ी की गतिविधियों पर प्रकाष डाला। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में उत्तराखंड राज्य के सभी जनपदों से आए कुल 35 मध्य स्तरीय विस्तार कार्मिक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में विभिन्न विषय विशेषज्ञ, संसाधन व्यक्ति एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे। ज्योति कनवाल, यंग प्रोफेशनल (द्वितीय), प्रसार शिक्षा निदेशालय को ज्ञापन प्रस्तुत किया।

## News कॉर्नर

### गुलदार ने सुनकोट गांव में दुधारु भैंस को बनाया निवाला

**नैनीताल ।** नैनीताल जिले के दूरस्थ विकास खंड ओखलकांडा में गुलदारों के आतंक से ग्रामीण इन दिनों खासे परेशान हैं। बता दें गुलदारों ने ग्राम सभा सुनकोट के काफ ली निवासी केशव दत्त की दुधारू भैंस को निवाला बनाया गया।

इसके साथ ही गुलदार निरंतर ग्राम सभा कैड़ा गांव, ग्राम सभा कूकना तथा ग्राम सभा धैना में लगातार लोगों को दिख रहा है जिसके कारण ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है। क्षेत्र पंचायत सदस्य कविता नौलिया के द्वारा वन विभाग से देवीधूरा और रेंजर भिगराड़ा और डीएफ ओ चंपावत से क्षेत्र के चारों ओर झाड़ी कटान करवाने का अनुरोध किया गया है और जंगल से लगे क्षेत्रों में सोलर लाइट लगवाने की भी गुजारिश की गयी है।

# जिला योजना की बैठक से गायब रहने पर जल संस्थान के ईई का वेतन रोका

**पिथौरागढ़**

हमारे संवाददाता

जिला योजना की बैठक में शामिल न होने पर डीएम आशीष भटगांई ने डीडीहाट जल संस्थान के ईई का वेतन रोकने के आदेश दिए। उन्होंने 80 फीसदी से कम धन खर्च करने वाले अधिकारियों से स्पष्टीकरण भी मांगा है।

डीएम आशीष भटगांई की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में जिला, राज्य और केंद्र योजना की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में डीडीहाट जल संस्थान के ईई शामिल नहीं हुए तो डीएम ने उनका वेतन रोकने के आदेश जारी किए। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी ने बताया कि अब तक जिला योजना में 79 प्रतिशत बजट खर्च किया जा चुका है। डीएम ने इस पर नाराजगी जताते हुए 80 फीसदी से कम बजट खर्च करने वाले विभागों से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। संतोषजनक उत्तर न मिलने पर संबंधित अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी की जाएगी। बैठक में



सामने आया कि पिथौरागढ़ लोनिवि, लघु ढाल, पशुपालन, कृषि, जल निगम, वन विभाग, पर्यटन विभाग, जल संस्थान बेड़ीनाग और सिंचाई विभाग धारचूला ने सबसे कम बजट खर्च किया है।

डीएम ने साफ तौर पर कहा कि यदि संबंधित विभागों का धन वापस लेना पड़ा तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी होगी। डीएम ने सभी विभागों को समय पर गुणवत्ता के साथ कार्य करते हुए धन खर्च करने के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ डॉ. दीपक सैनी, एडीएम योगेंद्र सिंह, सीएमओ डॉ. एसएस नबियाल, एसडीएम सदर जितेंद्र वर्मा, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेंद्र चौधरी सहित कई अधिकारी शामिल रहे।

# पूर्व पालिकाध्यक्षा मीना शर्मा पहुंची एसएसपी दरबार

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

शुक्रवार को पूर्व पालिकाध्यक्षा और कांग्रेस नेत्री मीना शर्मा पुलिस कार्यालय पहुंची और उन्होंने एसएसपी मणिकांत मिश्रा से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने ऑडियो की शीघ्र वॉइस सैंपलिंग कराने की माँग की।

पूर्व पालिकाध्यक्षा मीना शर्मा ने एसएसपी को बताया कि एक बर्ष पूर्व उनके चरित्र का हनन करती हुई एक ऑडियो क्लीपिंग वायरल हुई थी। जिसमें पूर्व विधायक् राजकुमार ठुकराल की आवाज है। उन्होंने बताया कि वायरल हुई ऑडियो लेकर वह लगातार पुलिस के संपर्क में थी, और वह जल्दी से जल्दी इस मामले का खुलासा चाहती थी। कोतवाली में धरने पर बैठने के बाद कोतवाली रुद्रपुर पुलिस ने पूर्व विधायक् राजकुमार ठुकराल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।एसएसपी से कहा कि इस मामले में वॉइस सैंपलिंग जल्दी से जल्दी हो जिससे इस मामले से पर्दाफाश हो सके। ताकि उन्हें न्याय मिल सके। एसएसपी से मिलने के बाद कांग्रेस नेत्री ने मीडिया से बातचीत में बताया कि वह मामले की निष्पक्ष जांच चाहती है। इसी लिए कप्तान से मिली। एक वर्ष से पुलिस से कार्रवाई की मांग कर रही थी, सुनवाई नहीं हुई। कोतवाली में धरने पर बैठने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया।



# एंटी नार्कोटिक्स कुमाऊं यूनिट की बड़ी कार्रवाई, 3.10 करोड़ की हेरोइन बरामद

**किच्छा /हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड एसटीएफ की एंटी नार्कोटिक्स कुमाऊं यूनिट ने नशा तस्करों के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के भीतर दूसरी बड़ी सफलता हासिल की है। किच्छा पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में थाना किच्छा के आज़ाद नगर चौकी क्षेत्र से अभियुक्त सहनवाज को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1 किलो 33 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। बरामद हेरोइन की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 3 करोड़ 10 लाख रुपये आंकी गई है।

यह कार्रवाई माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखंड के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ नवनीत भुल्लर के निर्देशों पर की गई। निर्देशों के क्रम में सभी जनपदों में कड़ी निगरानी रखते हुए नशे के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। सीओ परवेज अली के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक एसटीएफ एंटी नार्कोटिक्स कुमाऊं यूनिट पावन स्वरुप के नेतृत्व में एसटीएफ टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ संयुक्त अभियान चलाकर यह सफलता प्राप्त की। पूछताछ में अभियुक्त सहनवाज ने बताया कि उसने यह हेरोइन बरेली निवासी 'भइया' नामक व्यक्ति से खरीदी थी और इसे हरजिंदर नामक व्यक्ति को बेचने ले जा रहा था।

पुलिस के अनुसार अभियुक्त सहनवाज उर्फ मामू कुमाऊं क्षेत्र में हेरोइन का बड़ा सप्लायर माना जाता है। उसके द्वारा सप्लाई की जाने वाली हेरोइन उच्च शुद्धता की होने के कारण ड्रग पैडलरों में काफी मांग थी। एसटीएफ एंटी नार्कोटिक्स यूनिट पिछले लगभग दो वर्षों से उसकी तलाश में लगी हुई थी। एसटीएफ द्वारा बरेली निवासी भइया तथा उसके डिलीवरी एजेंट की फोटो के आधार पर पहचान कर उनकी तलाश तेज़ कर दी गई है। सहनवाज की गिरफ्तारी को नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान की दिशा में एक महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है, जिससे कुमाऊं क्षेत्र में हेरोइन सप्लाई पर प्रभावी अंकुश लगेगा।

सफलता पाने वाली टीम में निरीक्षक पावन स्वरुपउप निरीक्षक विनोद चंद्र जोशीआरक्षी वीरेंद्र चौहानआरक्षी इसरार अहमद निरीक्षक प्रकाश दानू उप निरीक्षक पवन जोशीआरक्षी उमेश सिंहआरक्षी उमेद गिरी

## राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी ने किया पौधरोपण

**नैनीताल ।** राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान शुक्रवार को 564 वें दिन भी जारी रहा।

पौधारोपण अभियान के 564वें दिन डीडीहाट स्थित अपने आवास परिसर में अपने पिताजी स्वर्गीय तारा दत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया।दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

# प्रीति योग का महासंगम है अबकी माघ पूर्णिमा को: आचार्य प्रकाश जोशी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल के समीपवर्ती गेठिया गांव निवासी आचार्य पंडित प्रकाश चंद्र जोशी के मुताबिक रवि पुष्य योग, सर्वार्थ सिद्धि योग व प्रीति योग का महासंगम है इस बार की माघ पूर्णिमा को। उन्होंने बताया कि ज्योतिष शास्त्रों में रवि पुष्य योग बहुत बड़ा योग माना जाता है। ऐसा योग किसी पर्व विशेष पर बन जाए तो उस पर्व की महत्ता कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे ही इस बार माघ पूर्णिमा को रवि पुष्य योग सर्वार्थ सिद्धि योग एवं प्रीति



योग का महासंगम बन रहा है। रविवार और नक्षत्रों के राजा पुष्य नक्षत्र जब एक साथ मिलते हैं तब यह योग बनता है। इस बार यह योग रविवार यानी 1 फरवरी को बन रहा है। संयोगवश उस दिन महत्वपूर्ण माघ पूर्णिमा भी है। कहा कि इस दिन यदि पुष्य नक्षत्र की बात करें तो यह नक्षत्र प्रात- 6.44 बजे से उदय होगा और 42 घड़ी 12 पल अर्थात मध्य रात्रि 11.59 बजे तक रहेगा। अत- रवि पुष्य योग भी रात्रि 11.59 बजे तक रहेगा। यदि सर्वार्थ सिद्धि योग की बात करें तो यह योग भी रात्रि 11.59 बजे तक रहेगा,इसके साथ ही इस दिन प्रीति नामक योग आठ घड़ी दो पल अर्थात प्रात: 10:18 बजे तक है अत: रवि पुष्य योग, सर्वार्थ सिद्धि योग एवं प्रीति योग का संगम प्रात: 10:18 बजे तक रहेगा इसलिए यह समय निवेश के लिए सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त होगा। रवि पुष्य योग में सोने के आभूषण, वाहन तथा जमीन घर आदि में निवेश करना और पूजा पाठ अनुष्ठान करना शुभ रहेगा जो कई गुना लाभ प्रदान करता है।

# खुली बोली के माध्यम से नीलामी का आयोजन

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

तहसीलदार कुलदीप पाण्डे ने जानकारी दी कि तहसील कार्यालय हल्द्वानी में दिनांक 27 जनवरी 2026 को खुली बोली के माध्यम से नीलामी का आयोजन किया गया।

यह नीलामी परियोजना प्रबन्धक ब्रिडकुल की बकाया धनराशि 3,01,03,000 जमा न किए जाने के कारण बकायेदार धनंजय गिरी पुत्र जटाशंकर गिरी, निवासी सुभाष नगर, हल्द्वानी की अचल संपत्ति की गई। नीलामी में शामिल भूमि ग्राम मल्ली बमौरी, तहसील हल्द्वानी स्थित है, जो वर्तमान खतौनी खाता संख्या 11, खसरा संख्या 217, रकबा 0.030 हेक्टेयर में दर्ज है। परगना



अधिकारी/असिस्टेंट कलेक्टर प्रथम श्रेणी, हल्द्वानी द्वारा नियम 282 के अंतर्गत ज0वि0 आकार पत्र 74 के आदेश दिनांक 26 दिसंबर 2025 को जारी किए गए थे, जिसके तहत 30 दिवस पश्चात नीलामी की तिथि 27 जनवरी 2026 निर्धारित की गई। नीलामी अधिकारी के रूप में तहसीलदार हल्द्वानी को नामित किया गया था। नीलामी प्रक्रिया में कुल 09 बोलीदाताओं ने भाग लिया, हालांकि बोली के समय दो प्रतिभागी नीलामी स्थल पर उपस्थित नहीं रहे। नीलामी के तीसरे चक्र में 1,16,50,000 (एक करोड़ सोलह लाख पचास हजार रुपये) की सर्वोच्च बोली खीमानन्द सनवाल पुत्र हीराबल्लभ सनवाल, निवासी पंत पार्क, सुभाष नगर, हल्द्वानी द्वारा लगाई गई। इसके बाद किसी अन्य बोलीदाता द्वारा अधिक बोली न लगाए जाने पर संपत्ति को खीमानन्द सनवाल के पक्ष में नीलाम करने की संस्तुति की गई। नियमानुसार सर्वोच्च बोली की 25 प्रतिशत धनराशि बोलीदाता द्वारा चेक के माध्यम से नीलामी स्थल पर जमा की गई। शेष औपचारिकताएं पूर्ण होने के पश्चात 30 दिवस बाद विक्रय पत्र सर्वोच्च बोलीदाता के पक्ष में निष्पादित किया जाएगा।